EDII की छत्तीसगढ़ में दस्तक...महिलाओं, विकलांगों, छात्रों, कारीगरों, कृषकों और ट्रांसजेंडरों को मिलेगा लाभ

CG24 News – Singhotra | 09 December, 2021| www.cg24news.in

===

छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार के बेहतर विकल्प मुहैया कराने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने राज्य में दस्तक दी है। गुजरात के अहमदाबाद की इस कम्पनी द्वारा राजधानी के एक स्थानीय होटल में पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी।

इस प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ल ने छत्तीसगढ़ हेतु विभिन्न उद्यमिता की परियोजनाओं पर चर्चा की, उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय से उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस) के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह संस्थान शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण, राष्ट्रीय और अंतर-राष्ट्रीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में एक नेशनल रिसोर्स आर्गेनाइजेशन है।

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय से उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस) के रूप में मान्यता प्राप्त

उद्यमिता शिक्षा, अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, सरकार और उद्योग के बीच परस्पर निर्भरता और सहयोग - ई.डी.आई.आई.

https://cg24news.in/article-view.php?pathid=32554&article=5